# रहिका प्रखंड के ग्राम पंचायत हुसैनपुर में गोवर्धन बायोगैस संयंत्र का हो रहा है निर्माण

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में एजेंडा वार विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में रहिका,बिस्फी एवं जयनगर में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। गौरतलब हो कि वितीय वर्ष 2024-25 के तहत जिले के सभी अनुमंडलो में एक-एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया जाना है,जिसमे सदर अनुमंडल अंतर्गत पंडौल में एक यूनिट का निर्माण हो चुका है। जिलधिकारी ने कहा कि आज के संदर्भ में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की काफी उपयोगिता है। प्लास्टिक कचड़े का प्रबंधन अत्यंत जरूरी है। जिलाधिकारी ने बायोगैस संयंत्र के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया। गौरतलब हो कि रहिका प्रखंड के ग्राम पंचायत हुसैनपुर में गोवर्धन बायोगैस संयंत्र का निर्माण कराया जा रहा है। बैठक में वर्तमान वितीय वर्ष में जिले के 50 पंचायतों में सार्वजनिक स्थलों पर सामुदायिक स्वच्छता परिसर का निर्माण के लक्ष्य के आलोक में तेजी से अग्रेतर करवाई करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिले के पंचायतों में ठोस एवं तरल कचड़ा प्रबंधन के तहत सभी घरों से नियमित रूप से कचड़े का उठाव एवं यूजर चार्ज वसूली को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया। जिलाधिकारी सहित सभी सदस्यों द्वारा यूजर चार्ज की कम वसूली को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गई। जिलधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले के सभी पंचायतों में अगले 15 दिनों तक ग्राम सभा का आयोजन कर लोगो को यूजर चार्ज देने हेतु जागरूक करे ताकि इस स्वच्छता संबधी महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि लोगो को स्वच्छता के महत्व के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दिया जाय। ग्राम सभा मे सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बीडीओ सहित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी भी भाग ले। गौरतलब हो कि कई पंचायतों में लोग बड़ी ही सहजत के साथ तीस रुपये मासिक यूजर चार्ज दे भी रहे है,परंतु अधिकांश स्थानों पर यूजर चार्ज नही देने के कारण स्वच्छता कर्मियों के भुगतान में कठिनाई हो रही है। उक्त बैठक में माननीय विधान सभा सदस्य खजौली अरुण शंकर प्रसाद डीडीसी दीपेश कुमार डीपीआरओ परिमल कुमार निदेशक डीआरडीए,सिविलसर्जन जिला पंचायती राज पदाधिकार,डीपीओ आईसीडीएस , प्रभारी पदाधिकारी जिला विकास शाखा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पलस पोलियो के लिए टास्कफोर्स की हुई बैठक

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी कल्याणपुर की अध्यक्षता में पल्स पोलियो अभियान एवं नियमित टीकाकरण के सफल संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक की गई। जिसमें कुल 155 टीम द्वारा 65526 घरों का भ्रमण कर 46951 बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाने का लक्ष्य दिया गया। इस कार्य का पर्यवेक्षण हेतु 55 पर्यवेक्षकों को रखा जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.के ठाकुर के द्वारा दी गयी । मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ .रूबी रानी , यूनिसेफ प्रतिनिधि शंकर सुमन , रणधीर सिंह , डब्ल्यूएचओ के मॉनिटर ज्ञानेंद्र कुमार मिश्रा , प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक अनिल कुमार , बीसीएम मुकेश कुमार प्रखंड लेखपाल अमित कुमार , महिला पर्यवेक्षिका पूजा भारती ,अंजू कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे ।

### रामेश्वर जुटमिल में मजदूर को नहीं मिल रहा है काम, मजदूर में मायुसी

कल्याणपुर समस्तीपुर रामेश्वर जूट मिल मुक्तापुर में सुबह भोंपू बजते ही काम पर मजदूर पहुंचे गए । पहुंचे कुछ मजदूर को काम मिला ओर कुछ मजदूरों को काम पर से बाहर कर दिया गया।काम से वंचित मजुदर मिल के बाहर आकर आक्रोश जताना शुरू किया। लगभग आधे घंटे तक हंगामा चलता रहा। हंगामा करने वाले मजदूरों का कहना है कि हम लोग दूर से काम करने के लिए आते हैं काम नहीं मिलने पर बेकार हो जाते हैं। इसी बीच मिल संघर्ष समिति के मजदूर नेता का एक 4 सदस्यी शिष्ट मंडल मिल के अध्यक्ष अनिल राय से मिलकर मजदूरों की समस्याओं को अवगत कराया । अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि आपके द्वारा दिए गए समस्याओं का निदान को लेकर विचार किया जाएगा। शिष्ट मंडल में रामबली महतो, मुन्ना राय बिशनदेव राय दीपक राय आदि मौजूद से इधर मिल के अध्यक्ष ने बताया कि घागा कम रहने के कारण कुछ मजदूरों को काम दिया गया जिन लोगों ने मिलकर भीतर उत्पादन की धागा आते ही आगे और अन्य मजदूरों को कम दिया जाएगा।

### संग्राम में सड़क जाम कर रही भीड़ उग्र होकर पुलिस पर टूट पड़ी

मधुबनी एंकर हत्यारोपियों के गिरफ्तारी की मांग को लेकर भेजा थाना क्षेत्र के रहुआ संग्राम में शुक्रवार सुबह से सड़क जाम कर रही भीड़ उग्र हो गई और पुलिस पर टूट पड़ी जाम स्थल पर दंडाधिकारी के साथ पहुंची मधेपुर थाने की पुलिस को भीड़ ने खदेड़ - खदेड़ कर पीटना शुरू कर दिया। भीड़ में शामिल एक महिला द्वारा सबसे पहले पुलिस को धक्का दिया गया। उसके बाद भीड़ में शामिल असामाजिक तत्वों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। भीड़ के हमले से मधेपुर थानाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र राजू, एस आई लक्ष्मण साहू एवं पुलिस बल के चार जवान जख्मी हो गए। मौके से किसी तरह जान बचाकर पुलिस कर्मी रहुआ संग्राम से भागने में सफल रहे। घायल पुलिस कर्मियों ने मधेपुर पीएचसी में इलाज कराया। बताते चलें कि रहुआ संग्राम गांव निवासी मजदूर दिनेश कामत उर्फ दल्लू बीते 15 अगस्त को मधेपुर थाना क्षेत्र में शव मिला था । जिसके हत्या मामले के नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए गांव के लोग बुधवार से पुलिस के विरुद्ध आंदोलन कर रहे हैं दो दिनों तक लगातार धरना देने के बाद शुक्रवार को ग्रामीणों ने सड़क जाम किया था। जिसके यह स्थिति बनी ।

### शिलानाथ के समीप स्थित पोखर में डूबने से हुई मौत

मधुबनी बासोपट्टी थाना क्षेत्र के निवासी एक युवक की जयनगर थाना क्षेत्र के शिलानाथ के समीप स्थित पोखर में डूबने से हुई मौत। जानकारी के मुताबिक बीती रात प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान पोखर में डूबने से मौत होना बताया जाता है । युवक को ईलाज हेतु जयनगर अनुमंडल अस्पताल लाया गया लेकिन चिकित्सक ने युवक की जांच के पश्चात मृत बताया। परिजनो ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस प्रशासन को दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया। सुबह शव पोस्टमार्टम के पश्चात आने पर परिजनों और ग्रामीणों के द्वारा युवक की सन्देहास्पद मौत को लेकर सड़क जाम कर मामले की उच्चस्तरीय जांच और मुआवजा की मांग कर रहे। सेलिबेली चौक के समीप एन एच सड़क जाम स्थल पर जयनगर और बासोपट्टी थाना पुलिस परिजनों और ग्रामीणों से वार्ता और कैम्प कर रही है।

# अगले 5 दिनों तक उत्तर बिहार में अच्छी बारिश की सम्भावना नहीं

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5 दिनों तक अच्छी बारिश की सम्भावना नहीं है ।तराई एवं मैदानी इलाकों में कहीं कहीं हल्की बारिश हो सकती है। अधिकतर स्थानों में मौसम के शुष्क रहने की सम्भावना है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 34से 36डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 25से 27 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है। मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग ने 31अगस्त से 4सितम्बर तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी है ।मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 34.4 एवं 26.2 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 72 प्रतिशत, हवा की औसत गति 7.6 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 4.9 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.9 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 31.2 एवं दोपहर में 36.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में 5.0 मि०मी० वर्षा रिकार्ड हुई ।पूवार्नुमानित अवधि में पूरवा हवा चलने का अनुमान है। औसतन 10-12 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है ।सापेक्ष आर्द्रता सुबह में 75 से 85 प्रतिशत तथा दोपहर में 45 से 55 प्रतिशत रहने की संभावना है ।किसानों को सलाह दी गई है कि धान की फसल में पत्ती लपेटक (क फोल्डर) कीट की निगरानी करें। इस कीट के पिल्लू धान के पत्तियों के दोनो किनारों को रेशमी धागे से जोड़कर उसके अन्दर रहते है तथा पत्तियों की हरीत्तिमा को खाता है। इस प्रकार का लक्षण दिखने पर बचाव के लिए करताप हाईड्रोक्लोराईड दाने-दार दवा का 10 किलोग्राम प्रति एकड़ की दर से व्यवहार करें। पिछात धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के कार्य को प्राथमिकता दें ।सितम्बर अरहर की बुआई उंचास खेत में करे। अरहर की पूसा 9 तथा शरद प्रभेद उत्तर बिहार के लिए अनुशंसित है। बुआई के 24 घंटे पूर्व 2.5 ग्राम थीरम दवा से प्रति किलोग्राम बीज की दर से उपचार करे। बुआई के ठीक पहले उपचारित बीज को उचित राईजोबियम कल्बर से उपचारित कर बुआई करनी चाहिए।

# रामचंद्र राम की आत्मकथा चमर टोली से डीएसपी टोला तक का हुआ लोकार्पण



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।विश्व की अनेक भाषाओं में आत्मकथाएं लिखी गई हैं और आज भी लिखी जा रही हैं। साहित्य की महत्वपूर्ण विधा के रूप में अब इसे शुमार कर लिया गया है। कर्तव्यनिष्ठ पुलिस पदाधिकारी रहे रामचंद्र राम की आत्मकथा केवल उनका निजी जीवन संघर्ष का बयान नहीं है बल्कि समय का यह एक ऐसा दस्तावेज है जिसमें अनेक विसंगतियों और विडंबनाओं को देखा जा सकता है ।।- ये बातें होटल शिमना इंटरनेशनल में रामचंद्र राम की पुस्तक ह्यचमार टोली से डीएसपी टोला तकह्न का लोकार्पण करते हुए मुख्य अतिथि डॉ रिपुसूदन प्रसाद श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि बहुत ही संवेदनशीलता के साथ, जिसमें कोई पूर्वाग्रह नहीं ऐसा लिखना बड़ा कठिन है। मगर लेखक ने बहुत ईमानदारी के साथ अपने कार्यक्षेत्र और अनुभवों को प्रस्तुत पुस्तक में बयां किया है। अपने अध्यक्षीय उद्गार में डॉ पूनम सिन्हा ने कहा कि इस पुस्तक के कई प्रसंग बड़े मार्मिक हैं। समाज में व्याप्त विकृतियों और विसंगतियों के बीच भी शिक्षा के प्रति समर्पित परिवार किस तरह से अपने बच्चों के बारे में सोचता है ,यह लेखक ने इस पुस्तक में करुणा, सद्भाव और ईमानदारी के प्रवाह में लिखा है ।अनेक संदर्भ इसके प्रमाण हैं। विषय प्रवेश कराते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि रूढ़ियों, संकीर्णताओं और सामंती मानसिकता से ग्रसित हमारा समाज अतीत में कितना बर्बर और संवेदनहीन था इसे कहने की जरूरत नहीं है। बच्चे मां की आकांक्षाओं का संसार होते हैं। उसे लेकर कितने सपने पलते हैं। लेखक जब सामर्थ्यवान होता है तो उसे जीवन देने वाली मां ,जिसकी निष्ठा शिक्षित मनुष्य के रूप में अपने बच्चे को देखने की थी, वह दुर्घटना में काल का ग्रास बन जाती है। यह पुस्तक इतिहास दर्शन, समाजशास्त्र, सामाजिक जटिलताएं और आर्थिक असंतुलन का समय साक्ष्य प्रमाण है। पुलिस पदाधिकारी के रूप में कितने दबाव रहे होंगे मगर सच्चे जनसेवक के रूप में न्याय के पक्ष में मजबूती से खड़ा होने का साहस लेखकीय चरित्र में ही होता है। दलित आत्मकथा लेखन और साहित्य में यह पुस्तक कई अर्थों में रेखांकित की जाएगी। विशिष्ट वक्ता डॉ हरिनारायण ठाकुर ने कहा कि दलित लेखकों का जो साहित्य आया है वह सामाजिक विद्रूप परंपरा का चित्रांकन है। इस पुस्तक में लेखक ने पुलिस पदाधिकारी होने के बावजूद जिस जन प्रतिबद्धता का परिचय दिया है वह अभिनंदनीय है। डॉ रंजीत पटेल, डॉ शिवेंद्र मौर्य, डॉ ब्रजभूषण मिश्र, लक्षणदेव प्रसाद सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जहां इस पुस्तक के भाषा प्रवाह और अनुभवजन्य सृजन की विशद चर्चा की। पुस्तक के लेखक रामचंद्र राम ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे समाज के लोगों को विचार करना चाहिए कि क्या जाति सूचक संबोधन से किसी व्यक्ति, टोला या गांव को पुकारा जाना उचित है। इस पुस्तक को लिखने के क्रम में मैं स्मृतियों में डूबता रहा हूं। कई बार अपने बहते हुए आंसुओं पर काबू नहीं पा सका। आप प्रबुद्ध जनों के हाथों में इसे सौंपते हुए मुझे बड़ी प्रसन्नता हो रही है। आपके विचार मेरे लेखन की सार्थकता के लिए महत्वपूर्ण हैं । इस अवसर पर समाजसेवी मुकुल, केपी पप्पू, मुकेश त्रिपाठी, अविनाश तिरंगा, राजीव कुमार, नीरज नयन, सुधांशु राज, डॉ सोनी, सविता राज, डॉ पुष्पा गुप्ता, डॉ संगीता शाह, प्रो अरुण कुमार सिंह, डॉ हरिकिशोर प्रसाद सिंह आदि शताधिक लोगों की उपस्थिति रही। धन्यवाद ज्ञापन के के कौशिक ने किया।

# बिहार के कुल क्षेत्रफल का 17.5 प्रतिशत क्षेत्र होगा वन आच्छादित : डाक्टर प्रेम कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। राज्य के सहकारिता ,वन एवं पर्यावरण मंत्री डाक्टर प्रेम कुमार ने कहा है बिहार में वन आच्छादित क्षेत्र को कुल क्षेत्रफल का साढ़े सत्रह प्रतिशत करना है ।सरकार इस दिशा में प्राथमिकता के साथ कार्य कर रही है ।वे आज डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन का मूल कारण वनों की कमी है। उन्होंने विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि सहकारिता संस्थान केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में देश भर के लोगों को प्रशिक्षण देने का कार्य करें। इसके लिए उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति से प्रस्ताव देने का आग्रह किया ।विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने स्वागत करते हुए कहा कि बिहार सरकार और विशेषकर मंत्री जी का विश्वविद्यालय को लगातार सक्रिय सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वनारोपण कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा । इसके लिए विस्तार से चर्चा की गई है ।कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय ने विश्वविद्यालय के विभिन्न उपलब्धियों की चर्चा की और कहा कि दो वर्ष में विश्वविद्यालय बावनवें रैंक से सातवें रैंक पर आ गया है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. पी.एस. पांडेय के नेतृत्व में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। कुलसचिव डा. मृत्युंजय कुमार ने विश्वविद्यालय में मंत्री प्रेम कुमार के सहयोग को याद किया और टूबैको केंद्र की जमीन को विश्वविद्यालय को स्थानांतरित करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन निदेशक प्रसार शिक्षा डा. एम. एस. कुंडू ने किया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक शिक्षा डा उमाकांत बेहरा, डीन पीजीसीए डॉ मयंक राय, डीन बेसिक साइंस डॉ अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉ अम्बरीष कुमार, डॉ सुभाष चंद्रा, डॉ रामदत्त, डा शंकर झा, डॉ कुमार राज्यवर्धन समेत विभिन्न शिक्षक, वैज्ञानिक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# आंध्रप्रदेश में हुई हत्या का मामला मुजफ्फरपुर कोर्ट मे हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र के बलहा गाँव निवासी रीता देवी के पुत्र उत्तम कुमार शर्मा पिछले तीन वर्षों से आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिला के टुनी टाउन थाना अंतर्गत फूड एंड फैमिली रेस्टोरेंट में काम करता था, जिससे पारिश्रमिक का कुल 5 लाख रुपया रेस्टोरेंट के मालिक रमेश अन्ना के पास बकाया था, जिसको रेस्टोरेंट के मालिक द्वारा नहीं दिया जा रहा रहा था। बाद में यह भी बात प्रकाश में आई कि उस रेस्टोरेंट में काम करने वाला एक कर्मचारी राजू कैप्टन ने भी उत्तम कुमार शर्मा से 2 लाख रुपया लिया था। 10 जून 2024 को उत्तम कुमार शर्मा को अपने घर वापस आना था, लेकिन 9 जून 2024 की रात्रि के 8 बजे से ही वह गायब हो गया, जिसकी सूचना परिजनों के द्वारा टुनी टाउन थाना की पुलिस को दी गई, लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। 26 जून 2024 को उसी रेस्टोरेंट के बगल के कुएँ से उत्तम कुमार शर्मा का शव बरामद हुआ। परिजन प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु लगातार आंध्रप्रदेश की पुलिस के सामने गुहार लगाते रहे लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इसके बाद परिजन जीरो एफ.आई.आर. दर्ज कराने के लिए पानापुर करियात थाना में गये, लेकिन वहाँ भी जीरो एफ.आई. आर. दर्ज नहीं किया गया। उसके बाद थक-हारकर परिजन अपने अधिवक्ता एस.के.झा के माध्यम से रमेश अन्ना और राजू कैप्टन के विरुद्ध कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया है, जिसकी सुनवाई 12 सितम्बर को होगी। मानवाधिकार अधिवक्ता एस. के. झा ने कहा कि प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत होता है। सही तरीके से अगर पुलिस अनुसन्धान करें तो मामले का पदार्फाश होगा। पानापुर करियात की पुलिस के द्वारा जीरो एफ. आई. आर नहीं दर्ज किया जाना काफी दुःखद हैं। उन्होंने कहा है ,न्यायालय पर पूरा विश्वास है। पीड़ित परिवार को न्याय अवश्य मिलेगा।

# मंत्री ने की ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। डॉ.भीमराव अंबेडकर सभागार में ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार द्वारा ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जल जीवन हरियाली ,जीविका आदि, के कार्य प्रगति की बिंदुवार समीक्षा हुई। माननीय मंत्री महोदय को मिथिला के परंपरागत विधि से सम्मानित किया गया। उप विकास आयुक्त चित्रगुप्त कुमार द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से माननीय मंत्री महोदय को अवगत कराया। मंत्री मोहदय सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिए कि सभी मनरेगा के अंतर्गत इच्छुक मजदूरों को काम देना सुनिश्चित करें अन्यथा विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी ।बहेड़ी प्रखंड के अंतर्गत 246 इच्छुक श्रमिकों को काम नहीं देने पर माननीय मंत्री ने नाराजगी व्यक्त की । संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने कार्य कलाप में अपेक्षित सुधार लाने का नसीहत दिया ।वैसे मजदूर जिन्हें कार्य नहीं मिल पाया है, प्राथमिकता के आधार पर उन सभी को अच्छादित किया जाए। जॉब कार्ड सृजन के प्रतिवेदन को दोबारा सत्यापन कराने के निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया। जॉब कार्ड शत-प्रतिशत बनाने का निर्देश सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया ।बैठक में मनरेगा के तहत भवन,खेल मैदान,पशु शेड, मुर्गी शेड, जीविका भवन,बकरी शेड, स्कूल चाहर दिवारी की भी समीक्षा की गई ।उन्होंने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान योजना की समीक्षा उप विकास आयुक्त को करने के निर्देश दिए ।बैठक में बताया गया कि 221 डब्ल्यूपीयु का कार्य पूर्ण कर लिया गया है,शेष पर कार्य जारी है, माननीय मंत्री महोदय ने जल्द से जल्द पूर्ण कराने को कहा। बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी ने पघारी में कुआं का जीर्णोद्धार कराने हेतु कहा।

# डीएम ने लिया सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।केन्द्रीय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा के एसकेएमसीएच मुजफ्फरपुर में संभावित आगमन को लेकर जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने अधिकारियों की टीम के साथ गुरुवार को एसकेएमसीएच के सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का जायजा लिया तथा सभी आवश्यक व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। विदित हो कि केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री द्वारा एसकेएमसीएच स्थित सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन सितंबर के प्रथम सप्ताह में संभावित है। इसके लिए अस्पताल में सरकारी दिशानिर्देश एवं मानक के अनुरूप चिकित्सीय उपकरण का संस्थापन करने एवं एजेंसी से समन्वय स्थापित कर सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु अपर समाहर्ता आपदा मनोज कुमार एवं अनुमंडल पदाधिकारी पूर्वी अमित कुमार को प्राधिकृत किया गया है ।इसके अतिरिक्त हास्पिटल के उद्घाटन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था करने तथा वार्डवार डाक्टर एवं स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती करने, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने, साइनेज लगाने आदि का निर्देश दिया गया है।

जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में गुणात्मक सुधार लाने तथा आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जिलाधिकारी ने जिले में तैयार 24 हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के भवन में कार्य शुरू कराने तथा सभी सेंटर पर डाक्टर/ स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती करने सहित अन्य सभी व्यवस्था करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया है ताकि दूर दराज के गरीब लोगों को सुगम एवं सहज रूप में स्वास्थ्य सेवाएं निकट में ही उपलब्ध हो जा सके। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को अपने अपने क्षेत्र के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की तैयारी का निरीक्षण करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के तैयार भवन में हर हाल में कार्य संचालन शुरू करने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया है।

# दवा दुकान में लगी आग, लाखों रुपए का हुआ नुकसान

प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र जटमलपुर महादेव स्थान चोक पर शिव पार्वती मेडिकल दुकान व निजी क्लीनिक में गुरुवार की रात अचानक आग लग गयी ।आग लगने की घटना के कारण का पता नहीं चल पाया है ।वही दवा दुकानदार राघवेंद्र शर्मा उर्फ रघुनाथ ने बताया कि गुरुवार की शाम प्रतिदिन की भांति दुकान बंद कर सोने के लिए अपने घर कमरगामा गांव चले गए थे। इसी दौरान देर रात लोगों के द्वारा जानकारी मिली की दुकान में आग लगी हुई है ।जानकारी मिलते ही जब दुकान पर पहुंचे तो दुकान में आग लगी हुई थी। घटना की जानकारी कल्याणपुर थाना को देते हुए अंचल अधिकारी को दिया। जानकारी मिलते ही थाना से फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची व स्थानीय लोगों के सहयोग से आग बुझाने में सफलता पाई गई। तब तक दुकान में रखें सारी दबा जलकर राख हो गई थी ।वहीं पीड़ित ने बताया कि इस आग लगी की घटना में दुकान में रखें नगद करीब बीस हजार व करीब तीन लाख रुपए लगभग दबा के नुकसान होने की बात बताई है। वहीं व्यवसायियों का बताना है कि महादेव स्थान चोक पर पुर्व में भी पांच दुकान में आग लगा कर जला दिया गया था ।यह एक असमाजिक तत्वों द्वारा ऐसी धटना को अंजाम दिया जा रहा है। लेकिन प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होती है। जिससे व्यवसायियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है ।वही अंचलाधिकारी शशि रंजन कुमार ने राजस्व कर्मचारी को घटनास्थल पर भेज कर मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

# साहित्यकार संजय पंकज चेन्नई में होंगे सम्मानित

ब्रह्मानन्द ठाकुर/प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर ।चैन्नै नगर की प्रसिद्ध संस्था तमिलनाडु हिंदी साहित्य अकादमी और डीजी वैष्णव कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 3 सितंबर, को एक दिवसीय हिंदी समारोह आयोजित किया जा रहा है ।इस समारोह में ह्लजीवनोपलब्धि पुरस्कारह्व, ह्लपुस्तक लोकार्पणह्व,ह्लराष्ट्रीय सेमिनारह्व ,और ह्लराष्ट्रीय कवि सम्मेलनह्व का आयोजन किया जा रहा है ।संस्था के सचिव श्री ईश्वर करुण ने बताया कि संस्था द्वारा हिंदी के प्रचार-प्रसार और विकास के क्षेत्र में विभिन्न आयोजन आरंभ किए जा रहे हैं ।इस दिशा में यह राष्ट्रीय आयोजन महत्वपूर्ण कदम है। समारोह की अध्यक्षता डॉ निर्मला मौर्य, अकादमी की अध्यक्ष और पूर्व कुलपति, बीरबहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश करेंगी। राष्ट्रीय सेमिनार के उद्घाटनकर्ता और मुख्य अतिथि तमिलनाडु के राज्यपाल एन रवि होंगे। ह्यविश्व फलक पर भारतह्न विषय पर डॉ संजय पंकज एक सत्र की अध्यक्षता करेंगे और मुख्य वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान देंगे। सहारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा ।विदित हो कि डॉ संजय पंकज साहित्य की विभिन्न विधाओं में निरंतर लिखते रहते हैं। दूरदर्शन, आकाशवाणी तथा राष्ट्रीय स्तर के मंचों से उनका निरंतर रचनापाठ और संवाद होता रहता है। मंजर मंजर आग लगी है, यहां तो सब बंजारे, मां है शब्दातीत, शब्द नहीं मां चेतना, सोच सकते हो, समय बोलता है, मौसम लेता अंगड़ाई, बजे शून्य में अनहद बाजा, बिहार की लोक कथाएं - जैसी अनेक कृतियों के रचनाकार डॉ पंकज को राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मानित किया गया है।

# सांसद ने दरभंगा में एम्स की स्थापना करने के लिए प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को दिया बधाई



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा एम्स कार्यालय पहुंकर एम्स निर्माण से जुड़े विभिन्न विषयों की जानकारी प्राप्त किए। कार्यालय स्थापना के पश्चात पहली बार कार्यालय पहुंचे सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि उनके एम्स निर्माण का संकल्प एवं अथक प्रयत्न अब मूर्त रूप ले रहा है। सांसद ने करोड़ों मिथिलावासी को स्थानीय स्तर पर उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से दरभंगा में बिहार के दुसरे एम्स की स्थापना करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, सीएम नीतीश कुमार एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा को समस्त मिथिलावासी की ओर से बधाई दिए। उन्होंने कहा कि 1264 करोड़ की लागत से 750 बेड वाले एम्स निर्माण के लिए केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2020 में ही स्वीकृति दी जा चुकी है और अब बिहार की एनडीए सरकार द्वारा एम्स निर्माण के लिए 150 एकड़ जमीन भी उपलब्ध करा दिया गया है और शेष 37 एकड़ जमीन भी जल्द मुहैया करा देगी। सांसद ने कहा कि आगामी सात सितंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा जी का दरभंगा दौरा होने वाला है, जहां केंद्रीय मंत्री प्रस्तावित एम्स स्थल का भी निरीक्षण करेंगे।

# भीसी के आदेश पर एनएसएस के पांच कार्यक्रम पदाधिकारियों की हुई नियुक्ति व सेवा विस्तार

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी के आदेशानुसार मधुबनी, समस्तीपुर एवं बेगूसराय जिले में स्थित कॉलेजों के एनएसएस इकाइयों के लिए कार्यक्रम पदाधिकारियों की नियुक्ति तथा सेवा विस्तार की गई। इनमें एस के महिला कॉलेज, बेगूसराय में मनोविज्ञान की प्राध्यापिका डा साधना कुमारी शर्मा, संत कबीर कॉलेज, समस्तीपुर में हिन्दी के प्राध्यापक डॉ अरुण कुमार तथा जे एन कॉलेज, मधुबनी में समाजशास्त्र के प्राध्यापक हिमांशु शेखर को तीन वर्षों के कार्यकाल तक कार्यक्रम पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि आर बी कॉलेज, दलसिंहसराय में हिन्दी के प्राध्यापक डॉ सुनील कुमार सिंह तथा एम आर जे डी कॉलेज, बेगूसराय में राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक डॉ रवीन्द्र कुमार मुरारी का बतौर कार्यक्रम पदाधिकारी एक वर्ष की सेवा विस्तारित की गई है । विश्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक डॉ आर एन चौरसिया ने इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए बताया कि तीन नये पदाधिकारियों के चयन हेतु शिक्षकों के नाम की सूची तथा सेवा विस्तार हेतु अनुरोध पत्र पहले ही संबंधित प्रधानाचार्यों द्वारा विश्वविद्यालय को भेजा गया था ।संबंधित पदाधिकारियों के योगदान का प्रतिवेदन संबद्ध कॉलेजों से पंद्रह दिनों के भीतर विश्वविद्यालय भेजना आवश्यक है।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व कांड के अभियुक्त गिरफ्तार भेजा जेल

दिनारा(रोहतास) : गुप्त सूचना के आधार पर दिनारा पुलिस ने पूर्व कांड के एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दिनारा थानाध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कजरिया गांव निवासी श्रीकांत राम के पुत्र गोविंद कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध स्थानीय थाना में कांड संख्या 119/24 तहत मामला दर्ज था।

### छः दिनों तक गंगा के समान प्रवाहित होती है सुरों की रसधार : महंत छठीराम दास

आरा। बक्शी कुलदीप नारायण कल्चरल सोसाईटी द्वारा आयोजित111वां श्री कृष्ण जन्मोत्सव संगीत समारोह की पांचवी निशा का उद्घाटन महंत छठी रामदास ने दीप प्रज्जवलीत कर किया। इस अवसर महंत जी ने कहा कि एक शताब्दी से किसी परंपरा का कायम रहना बहुत बड़ी उपलब्धि है। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर छः दिनों तक गंगा के समान प्रवाहित होती है सुरों की ररसधार। इस आयोजन में शुद्ध संगीत आरा के वातावरण को पवित्र करता है। पांचवी संध्या में युवा शास्त्रीय गायिका अजीत पांडेय ने ने राग जयजवंती में एकताल विलंबित की बंदिश ह्ल बाजत बधाई गोकुला के धाम ह्ल एकताल की बंदिश ह्ल ढीठ लंगर मानत नाही एकहु मोरीह्ल व ठुमरी ह्ल कैसो बजावत श्याम बसुरिया ह्ल प्रस्तुत कर दर्शकों को समा बाँधा। वही युवा कथक नृत्यांगना तन्नु कुमारी व खुशबू कुमारी ने युगल कथक में सर्वप्रथम ह्लश्री राम चंद्र कृपाल भजुमन हरण भव भय दारुणमह्ल प्रस्तुत किया तत्पश्चात तीनताल में उपज, ठाट, आमद परन व विभिन्न बंदिशों को प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### भाजपा कार्यकर्ता ने चलाया सदस्यता अभियान

नोखा (रोहतास) नगर भारतीय जनता पार्टी के तहत सदस्यता अभियान कार्यशाला काली मंदिर के धर्मशाला में हुआ। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी नोखा नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल एवं संचालन जवाहर प्रसाद चौरसिया ने किया। बैठक में चर्चा करते हुए कार्यकताओं ने बताया कि संगठन को मजबूत कर अत्यधिक लोगों को बीजेपी का सदस्य बनाएं। इसके लिए जारी नंबर 8800001024 पर कॉल कर सदस्य बनने के लिए लोगों को जागरूक किया। मौके पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय बौलिया में एनसीसी के परेड का हुआ अभ्यास

नौहट्टा (रोहतास) रोहतास जिला के नौहट्टा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय बौलिया में एनसीसी के छात्रों का परेड का अवलोकन एवं अभ्यास कराया गया। विद्यालय के शिक्षक देवव्रत मेहता ए एन ओ अपनी देखरेख में इन छात्रों को परेड कराई और उनमें और भी कुछ त्रुटी सुधार एवं नया परेड का अभ्यास करने के लिए एनसीसी कार्यालय, सासाराम से आए हुए एनसीसी के ढक्हवलदार विनय कुमार ने बच्चों को प्रशिक्षण दिया। इससे पूर्व भी पिछले मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स को प्रशिक्षण दिया गया था। उनके प्रशिक्षण को देखते हुए विद्यालय के सभी छात्र काफी उत्साहित थे। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमेर कुमार सिंह सहित्य अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे।

### डीएम ने अस्पताल प्रबंधक समेत तीन लोगों पर किया कर्वाई

शेरघाटी। अनुमंडल अस्पताल शेरघाटी से गुरुवार की रात समय पर एंबुलेंस सेवा नहीं मिलने एवं पैसा मांगने के आरोप में जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम के त्वरित कार्रवाई की गई है। अस्पताल उपाधीक्षक उदय कुमार ने बताया कि आतुर वाहन के चालक, तकनीशियन एवं स्वास्थ्य प्रबंधक कार्रवाई के जद में आए हैं। उल्लेखनीय हो कि पिछले दिनों घटित अनुमंडलीय अस्पताल शेरघाटी के घटना के संबंध में संज्ञान लेते हुए कड़ी कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस ड्राइवर एव एम्बुलेंस टेकनेसियन को तुरंत हटाने का निर्देश दिया है। साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधक को अनुमण्डल अस्पताल शेरघाटी से तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया गया है।

### पुलिस ने नदी में तैरते हुए शव को किया बरामद

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के मोरहर नदी स्थित उचिरमा नदी के निकट नदी में तैरता हुआ एक शव को पुलिस ने बरामद किया है, मृतक महिला के पहचान थाना क्षेत्र के कामत गांव के रहने महंगू मंडल के पत्नी बादमिया देवी नामक महिला घर से बाहर गुरुवार को घूमने के लिए निकली थी तभी वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने काफी खोज किया लेकिन जब नहीं मिली तो लोग थक हार कर अपने घर चले आए वहीं शुक्रवार को महिला का शव नदी में उचिरमा पुल के पास तैरता हुआ मिला। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि उचिरमा गांव के निकट एक महिला का शव तैरने के जानकारी मिली थी।

# जिले में 85000 लोगों में फाइलेरिया के लक्षण, इस खत्म करने के लिए धरातल पर करना होगा काम : डीडीसी

## शाहपुर और कोइलवर प्रखंड के दो बूथों का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। जिले में चल रहे सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान की समीक्षा के लिए शुक्रवार को भारत सरकार के एनसीवीबीडीसी विभाग के असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. संबित प्रधान ने भोजपुर का दौरा किया। इस क्रम में उपविकास आयुक्त विक्रम विरकर की अध्यक्षता में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में भी असिस्टेंट डायरेक्टर ने हिस्सा लिया। उक्त कार्यशाला में जिले के 20 आकांक्षी पंचायतों के मुखिया व उनके प्रतिनिधियों के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और सहयोगी संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान उपविकस आयुक्त ने बताया कि आकांक्षी पंचायत विकास कार्यक्रम के तहत जिले के 20 पंचायतों का चयन किया गया है। जहां पर विकास योजनाओं के साथ साथ स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गति प्रदान की जाएगी। ताकि, इन पंचायतों में लोगों को सभी योजनाओं और सुविधाओं का लाभ दिलाया जा सके।

इस क्रम में आप सभी पंचायत के मुखियागण भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोगों तक सेवाओं और सुविधाओं को पहुंचाएं। उन्होंने बताया कि बीते दिनों हुए नाइट ब्लड सर्वे के अनुसार जिले में लगभग 85 हजार लोग ऐसे हैं, जिनमें फाइलेरिया के लक्षण हैं। यदि समय पर उनका इलाज नहीं हुआ तो भविष्य में वो दिव्यांग बन सकते हैं। इसके लिए हमें धरातल पर काम करना होगा। क्योंकि फाइलेरिया का अब कोई मुकम्मल इलाज नहीं है। केवल फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन करने से ही हम इस बीमारी से बच पाएंगे। इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि आप सभी अपने पंचायतों में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का संचालन ठीक के कराएं। ताकि, लोगों को इस भयावह बीमारी से बचाया जा सके। इस दौरान एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रवि रंजन, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. ए अहमद, विश्व स्वास्थ्य संगठन के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. अरुण कुमार, पीसीआई की एसपीएम पंखुड़ी मिश्रा, सीएफएआर के एसपीएम रणविजय कुमार, पीरामल फाउंडेशन के टेक्निकल स्पेशलिस्ट कम्युनिकेबल डिजीज डॉ. इन्द्रनाथ बनर्जी, पीरामल स्टेट टीम लीड आनंद कश्यप ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।


**पंचायतों में एमडीए को सफल बनाना आप सबकी भी जिम्मेदारी :** इस क्रम में असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. संबित प्रधान ने उपस्थित मुखियागण से कहा कि आप सभी ने अपने पंचायतों और गांवों में फाइलेरिया या हाथीपांव के मरीज देखे होंगे। इससे ग्रसित होने मरीज अपने जीवन में काफी संघर्ष करते हैं। सबसे अधिक समस्या उनकी आजीविका पर पड़ता है। क्योंकि हाथीपांव का एक मरीज जब चलने में असमर्थ हो जाए तो उससे काम भी बामुश्किल ही हो पाएगा। इसलिए इसकी गंभीरता को देखते हुए आप सभी अपने पंचायतों में लोगों फाइलेरिया से बचाव के लिए लोगों को प्रेरित करें। ताकि, सभी इस बीमारी के प्रति सतर्क हो जाएं और फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर स्वयं के साथ अपने परिजनों को फाइलेरिया से बचाएं। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर और बूथ लगाकर फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कराया गया है। अब अगले सात दिनों तक जिले में मॉपअप राउंड चलाया जाएगा। जिसमें छूटे हुए लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जायेगा। इस दौरान आप सब की भूमिका अहम होगी। क्योंकि इस दौरान आप सभी अपने अपने पंचायतों में यह सुनिश्चित कर लेंगे कि आपके पंचायत और गांव में हर योग्य लाभुक फाइलेरिया रोधी दवाओं का अनिवार्य रूप से सेवन कर लें।

**शाहपुर में सबसे अधिक पाए गए फाइलेरिया के लक्षण :** अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि इस बार नाइट ब्लड सर्वे में जिले में माइक्रो फाइलेरिया की दर 2.2 प्रतिशत पाई गई है। जिसमें सबसे अधिक शाहपुर में 7.0 प्रतिशत माइक्रो फाइलेरिया दर पाई गई है। इसलिए जिन प्रखंडों में माइक्रो फाइलेरिया की दर अधिक है, वहां विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का संचालन अच्छे से किया जा रहा है। जिन लोगों ने दवाओं का सेवन करने से मना कर दिया है, उनको सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से जागरूक करते हुए दवाओं का सेवन कराया जा रहा है। उन्होंने बीते गुरुवार को कोईलवर प्रखंड के सलेमपुर में हुए एडीआर के मामले में बताया कि उक्त स्कूल में एमडीएम के पहले ही दवाओं का सेवन कराया गया। जिसके कारण कुछ बच्चों की तबियत बिगड़ी। लेकिन उन बच्चों को देख बाकी बच्चों के अभिभावक डर गए, जिसके कारण वो अपने बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन, अस्पताल में आते ही सभी स्वस्थ पाए गए। इसलिए आप लोगों से निवेदन है कि आप लोग अफवाहों पर ध्यान ना दें और अनिवार्य रूप से दवाओं का सेवन करें।

**असिस्टेंट डायरेक्टर ने बूथों का लिया जायजा :** असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. संबित प्रधान ने प्रखंडों में लगे बूथों का जायजा लिया। उन्होंने शाहपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 11 में स्थित निर्मला शिक्षा भवन स्कूल में एमडीए राउंड के तहत बूथ का निरीक्षण किया। जहां स्कूल की प्राचार्य सिस्टर निर्मला ने बताया कि उनके स्कूल में लगभग 2300 बच्चे अध्ययनरत हैं। जिनमें से 377 बच्चों ने फाइलेरिया रोधी दवाओं का सेवन कर लिया है। शेष बच्चों को दोपहर के लंच ब्रेक के बाद दवाओं का सेवन कराया जायेगा। इस क्रम में असिस्टेंट डायरेक्टर ने दवाओं का सेवन कर चुके 10वीं कक्षा के छात्र छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों से हाथीपांव की गंभीरता व उसके बचाव पर चर्चा की। बच्चों ने भी उत्सुकता दिखाते हुए उनके दवाओं का जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने गड़हनी के पिपरा और कोइलवर प्रखंड के गांवों का दौरा किया और लाभुकों से दवाओं का सेवन करने की जानकारी ली। मौके पर जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यालय के वीडीसीओ अजीत कुमार पटेल, वीडीसीओ अनुज कुमार, एफएलए प्रियंका कुमारी, पीरामल फाउंडेशन के डीएमसी सोमनाथ ओझा, पीएल हिमांशु शेखर सिंह, पीएल अरविंद कुमार पाठक, पीएल स्मृति कुमारी, सीएफएआर की जिला समन्वयक जुलेखा फातमा, एडीसी अमित सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।

## आरा में स्कूल का ताला तोड़कर चोरों ने किया चोरी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। द होली सेवियर चर्च रमना आरा में पादरी अनिल जीउत और सोनू कुमार जब शुक्रवार की प्रार्थना के लिए चर्च पहुंचे तो चर्च का दरवाजा खुला हुआ देखा और अंदर दो स्टैंड पर पंखे और एक दीवाल पंखा नहीं दिखा जो चोरी हो गया। खोजबीन किया गया परंतु पता नहीं चला बाद में इसकी सूचना नवादा थाना आरा भोजपुर को सूचना दिया गया। यह एकदम गंभीर चिंता का विषय है कि चर्च के अंदर लगे पंखे जो लोगों के सहयोग से प्रदान किया गया था। दरवाजे बंद होने के बावजूद भी चोरों ने बड़े ही सातिर तरीके से दरवाजा खोलकर चर्च के पंख ले भागे जिसकी सूचना पादरी अनिल जीउत नवादा थाना को दिया। चर्च एक धार्मिक स्थल है जो जनमानस की सेवा के लिए समर्पित है जहां विधार्थियों का झुण्ड बड़े शान्ति भाव से अध्ययन करते हैं दुसरी और इसमें नियमित प्रार्थनाएं होती है शुक्रवार और रविवार प्रार्थना होता है पर आज भी चोरों की नजर समानों पर लगी रहती है चर्च आर्थिक तंगी से जूझ रहा है एक एक चीज लोगों के सहयोग से जुटाया जाता है पादरी अनिल जीउत ने बताया हम समाज में अच्छा काम करते हैं पर लोगों की बुरी नजरों से बचना मुश्किल है हमें प्रशासन का सहयोग मिलेगा तभी चर्च का चारदीवारी का मरम्मत हो पायेगा और हम लोगों सुरक्षित होंगे। नवादा थाना आरा भोजपुर में आवेदन दिया गया है।

## ग्राम पंचायत प्लानिंग और फैसलेशन टीम का हुआ गठन

बिक्रमगंज (रोहतास) ग्राम पंचायत घोसिया कला में पंचायत भवन पर मुखिया मीना देवी की अध्यक्षता में पंचायत स्तरीय ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसलेशन टीम का गठन किया गया, जिसमें पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रोग्राम लीडर कुश कुमार द्वारा बताया गया कि अभी फाइलेरिया प्रोग्राम सरकार के द्वारा चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत सभी व्यक्तियों को फाइलेरिया की यह दवा खिलाना है। ताकि लोगों को कोई दिक्कत ना हो, साथ में यह भी तय किया गया कि भविष्य में कोई भी व्यक्ति इस दवा को खाने से वंचित न रहे। इसके बाद आगे भी इस मीटिंग में चर्चा की गई। साथ ही किसी भी पंचायत में जितनी भी गर्भवती माताएं हैं एवं बच्चे हैं आशा के द्वारा उनका लाइन लिस्टिंग किया जाए एवं समय से उन सभी का टीकाकरण करना भी सुनिश्चित हो, आगे भविष्य में कभी भी आशा , एएन एम और वार्ड के सदस्य गण के सदस्यों का भी सहयोग भी लिया जा सकता है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर गोड़ारी में हुआ मटकी फोड़ कार्यक्रम

प्रात : किरण संवाददाता



काराकाट (रोहतास) : काराकाट श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर पंचायत के गोड़ारी प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर परिसर में मटकी फोड़ कार्यक्रम हुआ। जिसमे नगर के युवाओं ने टोली बनाकर मटकी फोड़ी। गुरुवार को देर शाम में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय के शिव मंदिर परिसर में एक मटकी बांधी गई। जहां फिर गोविंदा आला रे की तर्ज पर नगर के युवाओं ने श्रंखला बनाकर ऊपर तक पहुंचे और मटकी फोड़ी। जिसमे विजेता टीम के लिए उपहार में एक मोबाइल और इगरह सौ रुपए पुरस्कार के रूप में दिया गया। विजेता करूप गांव निवासी सनोज चौधरी के 17 वर्षीय पुत्र गोलू गोल्ड रहे, जिन्हें मुन्ना मोबाइल द्वारा पुस्कृत किया गाय। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत नगर पंचायत उप मुख्य पार्षद रविश रंजन ने फीता काटकर की। मटकी फोड़ने के बाद प्रसाद बांटा गया। मौके पर शिक्षक अनिल पासवान, सोनू कुमार राजपूत, रौनक कुमार, वार्ड पार्षद संजय राम, विनोद कुमार, बिपिन कुमार, जितेंद्र कुमार, दीपक गुप्ता सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे।

## लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बैनर तले मनोनीत किया गया पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता



चेनारी(रोहतास) : प्रखंड चेनारी लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के नगर पंचायत चेनारी के नगर अध्यक्ष बने उज्जवल कुमार सिंह तो वही नगर महामंत्री के रूप में मनोनीत किया गया राजन पासवान चेनारी प्रखंड उपाध्यक्ष मुमताज अली के साथ-साथ कई कार्यकर्ता भी सदस्यता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के लिए सदस्यता दिलाने वाले मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए पार्टी के प्रदेश महासचिव कचहरी पासवान ,संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष छोटेलाल पासवान ,राम आशीष पासवान चेनारी प्रखंड अध्यक्ष ,गुड्डू शर्मा के अध्यक्षता में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बैनर तले मनोनीत किया गया जिसमें उपस्थित पार्टी के सदस्य लालजी तिवारी ,सतीश कुमार, एससी एसटी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष कमल राज ,मनोज पासवान, पप्पू दुबे ,सतानंद तिवारी ,रघुवीर राय आदि तमाम लोग बाबा मैरिज हॉल में उपस्थित होकर कार्यकर्ता समीक्षा बैठक सफल बनाए।

## एसडीएम ने जारी किया फरमान अवैध भूमि कब्जा पर चलेगा बुल्डोजर अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



बिक्रमगंज (रोहतास) सरकारी जमीन पर लंबे समय से कुंडली मार आलीशान मकान,होटल, सिंचाई बाधा डालने वाले अतिक्रमणकारियों अब सामत आने वाली है। जिसको लेकर बिहार सरकार ने आदेश जारी कर दिया है। जिसके बाद राजस्व विभाग ने अब सरकारी जमीन को खोजने का अभियान शुरू कर दिया है। जिसको लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक ने भी सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण के संदर्भ में अपना फरमान जारी कर दिया है। उन्होंने बताया कि अब अनुमंडल क्षेत्र के नगर से लेकर गांवों तक वर्षो से सरकारी भूमि पर कुंडली मार के बैठे अतिक्रमणकारियों बुल्डोजर अभियान चलाया जायेगा। साथ ही स्थानीय और रोहतास जिला प्रशासन की मदद से अभियान चलाकर चिन्हित कर सरकारी भूमि को मुक्त कराया जायेगा। इस अभियान के लिए एसडीएम अनिल बसाक ने बताया कि इसके लिए जल्द ही विभिन्न प्रखंड के सभी अधिकारियों साथ एक विशेष बैठक कर टीम का गठन किया जायेगा। साथ ही बताया कि वैसे अतिक्रमण कारी जिनके उपर पहले से अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी है। इसके बावजूद वह दबंगई तरीके से अतिक्रमण जमाए बैठे हैं। उन्हें चिन्हित कर उनके उपर सख्त कानूनी कार्रवाई कर अतिक्रमण पर बुलडोजर अभियान चलाया जायेगा।

**विभिन्न प्रखंडों के सीओ जमीन की मापी करा करेंगे रिपोर्ट :** एसडीएम ने विशेष दिशा-निर्देश जारी करते हुए बताया कि इसको लेकर सभी सीओ को अंचल अमीन से नगर परिषद व गांव सहित सड़क किनारे की जमीन की मापी करा कर अतिक्रमणकारी लोगों को चन्हित कर इसकी रिपोर्ट सौंपेंगे। जो इसी आधार पर उस इलाके में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। साथ लोगों द्वारा सरकारी भूमि अतिक्रमण शिकायत भरी आवेदन प्राप्त होते अतिक्रमण कर कब्जा जमाने वालें वैसे लोगों के खिलाफ त्वरित कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## विद्युत चोरी में एसटीएफ के नेतृत्व में पंप संचालक पर प्राथमिकी दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज (रोहतास) संझौली प्रखंड के जिगनी गांव मे एसटीएफ के नेतृत्व में एक जॉच दल का गठन किया गया। जिस क्रम मे विद्युत अधीक्षण अभियन्ता,एसटीएफ सासाराम प्रवीण कुमार, सहायक विद्युत अभियन्ता-राजस्व सासाराम समरजीत कुमार, सहायक विद्युत अभियन्ता बिक्रमगंज राज कुमार आदि मौजुद थें। दोपहर समय में योगेश पाण्डेय, पिता स्व. सूर्यनाथ पाण्डेय गंगोत्री फ्यूल, ग्राम जिगनी, पंचायत करमैनी, थाना-संझौली के व्यवसायिक परिसर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम मे पाया गया की इनके द्वारा बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए, विभागीय एलटी लाईन से अवैध रूप से तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा की चोरी की जा रही थी। जो इनके परिसर में मीटर भी अधिष्ठापित नहीं था। इनके इस कृत्य से साउथ बिहार पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, पटना को 170750 रुपये राजस्व की क्षति हुई है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है। जांच में मीटर की सील टूटी हुई, टेम्परिंग या बाईपास पाए जाने पर तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराया जा रहा है। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल, बिक्रमगंज अंतर्गत चालू माह मे 66 व्यक्तियों पर विद्युत ऊर्जा चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है जिसमे कुल जुमार्ने की राशि 2119569 अधिरोपित है।

## भाजपा का सरैया मंडल मे सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला का आयोजन

### बड़हरा विधायक, जिलाध्यक्ष सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए

प्रात : किरण संवाददाता



आरा/बड़हरा। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी सरैया मंडल सदस्यता अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन सरैया शक्तिकेन्द्र के भीखमदास मठिया परिसर मे हुआ।

कार्यशाला की अध्यक्षता सरैया मंडल अध्यक्ष करोड़पति सिंह और संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष रामाकान्त सिंह ने किया। कार्यशाला मे बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह और भाजपा जिलाध्यक्ष की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यशाला की शुरूआत पं.दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि से हुआ। बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने भोजपुरी अंदाज मे कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि सब कोई सदस्यता अभियान मे लाग जा लोग। बड़हरा विधानसभा मे सदस्यता सबसे जादा होखे के चाही,एकरा खातिर घरे-घरे घुम के सब के मोबाईल से सदस्यता दिलवावे के पड़ी। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि पूरे भोजपुर जिला के सभी 32 मंडलो के सदस्यता अभियान के लिए कार्यशाला हो चुका है और शक्तिकेन्द्र पर भी कार्यशाला संपन्न हो गया है।अब दो सितम्बर से पूरे देश मे एक साथ सदस्यता अभियान चलेगा।सभी बूथो पर दो सौ नए,पुराने सभी को सदस्यता दिलाना है।भोजपुर जिला निश्चित रूप से बिहार मे अव्वल आएगा। वहीं जिला उपाध्यक्ष सह सदस्यता प्रभारी वंदना राजवंशी, जिला मंत्री सह सदस्यता सह प्रभारी राजकुमार कुशवाहा और संतोष चंद्रवंशी ने सदस्यता अभियान के बारे मे विस्तृत से जानकारी दी। कार्यशाला मे राम अवतार सिंह,अशोक कुशवाहा, सत्यनारायण सिंह,मनन सिंह,राम सुन्दर प्रसाद, मुन्ना सिंह,आजाद उपाध्याय, सुशील पांडेय सहित मंडल पदाधिकारी, शक्तिकेन्द्र पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ कार्यकर्ता शामिल थे।

## राज्य स्तरीय पंचायती राज विभाग टीम ने योजनाओं का किया निरक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास) राज्य स्तरीय पंचायती राज विभाग की टीम ने गुरुवार की जब संझौली प्रखंड मुख्यालय पहुचीं इस दौरान पंचायती राज व मनरेगा विभाग के अधिकारियों व कर्मियों में हड़कंप मच गया। जांच करने पहुचे पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव किशोर कुमार द्वारा 15वीं, षष्टम वित्त विभाग से लेकर मनरेगा विभाग योजनाओं की जांच किया गया। निरक्षण के दौरान मौके पर बीडीओ, बीपीआरओ सहित अन्य प्रखंड के बीपीआरओ से लेकर स्थानीय कर्मी व प्रतिनिधि भी मौजद रहे। इसके पहले संयुक्त सचिव ने संझौली तलाब स्थित 15वीं वित्त विभाग से कार्य हुए छठ घाट व शिव मंदिर से बीआरसी तक बिछाए गए फेवर ब्लॉक आदि योजनाओं का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त सचिव ने पंचायत सचिव से छठ घाटों से संबंधित योजनाओं की विस्तृत जानकारी ली तथा योजनाओं की प्रकालित राशि का बोर्ड लगाने का सख्त निर्देश दिए। बीडीओ प्रभा कुमारी ने बताया कि संझौली स्थित तलाब में 15वीं वित्त विभाग से कार्य हुए छठ घाट व शिव मंदिर से बीआरसी तक बिछाए गए फेवर ब्लॉक आदि योजनाओं का निरक्षण पंचायती राज विभाग के संयुक्त सचिव द्वारा किया गया। इसके अलावा उनके द्वारा 15वीं व षष्टम विभाग से संबंधित योजनाओं की अभिलेखों आदि की जांच किया गया। उनके द्वारा कई आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर बीडीओ,बीपीआरओ श्वेता कुमारी, प्रखंड नाजिर आशीष चौबे, पंचायत सचिव रंजीत कुमार,महेश कुमार, जेई अजय कुमार, जेई रेशमी कुमारी,अकाउंटेंट ज्योति कुमार, प्रखंड कार्यपालक सहायक अंजेश कुमार आदि मौजूद थे।

## अचानक से लापता शिक्षिका को कैमूर पुलिस ने किया सकुशल बरामद

### तथाकथित शिक्षिका ने कहा मर्जी से गई थी घूमने



कैमूर (रोहतास) जिला अंतर्गत कुदरा थाना क्षेत्र के फकराबाद प्राइमरी स्कूल में पदस्थापित, अचानक से लापता शिक्षिका को कैमूर पुलिस ने किया वाराणसी से सकुशल बरामद। प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मोहनिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी दिलीप कुमार के द्वारा बताया गया, कि दिनांक 25.8.2024 को अपहृता, अनीता यादव शिक्षिका के भाई रमेश यादव पिता इंद्रजीत यादव ग्राम-सोनारी, पोस्ट-अहिलासपुर, जिला-मउ उत्तर प्रदेश के द्वारा अपनी बहन अनीता यादव के अपहरण होने के संदर्भ में मामला दर्ज कराया गया था। उक्त परिप्रेक्ष्य में कुदरा थाना कांड संख्या 308/24 दिनांक 25/8/24 धारा 87 बीएनएस के अंतर्गत प्राथमिक की दर्ज किया गया था। जिसमें आवेदक कर्ता के द्वारा बताया गया था, कि आवेदक कर्ता की बहन अनीता यादव थाना क्षेत्र के फकराबाद प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका है। जो दिनांक 24 अगस्त को अपने घर से विद्यालय के लिए निकली, पर ना ही विद्यालय गई और ना ही घर लौट कर आई। इस कांड के सफल उद्भेदन एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए कैमूर पुलिस के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अपहृता शिक्षिका का प्रचार प्रकाशित किया गया। सोशल मीडिया के माध्यम से एवं गुप्त सूचना के आधार पर दिनांक 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला के लंका थाना क्षेत्र से अपहृता शिक्षिका अनीता यादव को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में शिक्षिका द्वारा बताया गया, कि हैदराबाद प्राइमरी विद्यालय से एक दिन का अवकाश लेकर हरिद्वार अयोध्या लखनऊ घूमने के लिए गई थी, उसी क्रम में इनका मोबाइल खो गया और घर का नंबर याद न होने की वजह से अपने परिजनों को सूचना नहीं दे पाई थी, इनका कहीं कोई अपहरण नहीं हुआ था अपनी मर्जी से घूमने के लिए निकली हुई थी। प्रशासन द्वारा अपहृता शिक्षिका को बी एन एस एस की धारा 183 के तहत माननीय न्यायालय में बयान दर्ज कराने की प्रक्रिया की जा रही है।

## विधायक ने किया यू भी हॉस्पिटल का उद्घाटन

नरकटियागंज। नंदपुर ढाला स्तिथ यू भी हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ जिसके मुख्य अतिथि के रूप में नरकटियागंज विधायिका रश्मि वर्मा के द्वारा फीता काटकर हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया शुभा सीरंभ के समय विधायक रश्मि वर्मा अस्पताल के सभी डॉक्टर और मरीजों से मिली और मरीज से उनकी हाल-चाल जाना साथ ही वाहा के डॉक्टर से इलाज को लेकर बात किया यू भी हॉस्पिटल में मरीज के लिए हर वह सुविधा उपलब्ध है जो मरीजों को देखभाल के लिए और अस्पताल में इलाज के साथ रहने की व्यवस्था इत्यादि इमरजेंसी सेवा उपलब्ध रहेगी सहयोगी. बिजिश चंद्र गोयल ने बताया कि बड़े हर्ष की बात है कि हमारे सहर में एक अच्छे डॉक्टर आय है अस्पताल में मरीज के लिए सही व्यवस्था नए यू.भी हॉस्पिटल के रूप में आज नरकटियागंज नंदपुर ढाला स्तिथ शुभारंभ हुआ यहां के लोगों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 100 मामलों की हुई सुनवाई

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिलाधिकारी कार्यालय प्रकोष्ठ में आज जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी, श्री दिनेश कुमार राय ने लोगों की समस्याओं एवं शिकायतों को बारी-बारी से सुना। जनता दरबार में कई समस्याओं एवं शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान कराया गया। साथ ही कई मामलों में संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का समाधान करने के लिए शीघ्र समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी के जनता दरबार में 100 मामले आए। जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका, उसे संबंधित विभाग/अधिकारियों को भेजते हुए त्वरित गति से नियमानुकूल समाधान कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनता दरबार में कई तरह के मामले आए। जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, आवास से जुड़ी समस्या आदि शामिल हैं। जिलाधिकारी ने हर मामले को बहुत गौर से सुना और नियमानुसार समाधान की दिशा में आवेदन को आगे बढ़ाया। जिन लोगों द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया उनमें अकलिमा खातुन, हिरालाल साह, जितेन्द्र पटेल, निर्मला कुमारी, विनय कुमार, भिखू राम, मुन्ना शर्मा, विपिन पटेल, मदन राम, बलिराम महतो, फुलेना तुरहा, डोमा चौधरी, रामजस सिंह, कुमकुम कुमारी, संतोष कुमार, रमावती देवी, मालिक पाण्डेय, पल्लवी कुमारी, उमाशंकर यादव, रूपम प्रिया आदि के नाम शामिल हैं।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह अपर समाहर्ता विभागीय जांच कुमार रविन्द्र अपर समाहर्त्ता आपदा प्रबंधन रामानुज प्रसाद सिंह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता बेबी कुमारी रोचना माद्री, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

